हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज आइकॉन

T.C. NO. MAHHIN10172

संपादक - मुर्तुजा मामाजीवाला | ईमेल: newsicon2021@gmail.com | मूल्य: रु. - 2/-

वर्ष: 1 | अंक: 57 | पृष्ठ: 8 | शुक्रवार 03 जून से 09 जून 2022

# 100 करोड़ की वसूली का केस

# अनिल देशमुख के खिलाफ सरकारी गवाह बना सचिन वझे

**मुंबई :** एंटीलिया विस्फोटक मामले में वर्तमान में न्यायिक हिरासत में चल रहा वझे मनी लॉन्ड्रिंग मामले में भी आरोपी है, जिसमें अनिल देशमुख को गिरफ्तार किया गया है। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। उन पर 100 करोड़ की वसूली का आरोप लगाने वाले बर्खास्त पुलिस अधिकारी सचिन वझे को सरकारी गवाह बनने की मंजूरी सीबीआई ने दे दी है। वझे फिलहाल एंटीलिया विस्फोटक बरामदगी केस और मनसुख हिरेन हत्याकांड का मुख्य अरोपी है। सरकारी गवाह बनने की अर्जी वझे ने ही दी थी, इसे एक बड़ी राहत के रूप में भी देखा जा रहा है।सचिन वझे के हवाले से मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह ने आरोप लगाया था कि देशमुख ने वझे को मुंबई के बार से 100 करोड़ वसूलने का टारगेट दिया था। अदालत ने वझे के



## एंटीलिया केस में जेल में है बंद

सामने माफी के लिए शर्त रखी थी कि उसे सरकारी गवाह बनना होगा और केस से जुड़े खुलासे करने होंगे। इसे वझे ने स्वीकार कर लिया। सरकारी गवाह बनने की मांग करते हुए वझे ने कोर्ट में कहा था कि उन्होंने अपनी गिरफ्तारी के पहले और बाद में भी सीबीआई का सहयोग किया है। सीबीआई ने इस मामले में 4 अप्रैल 2021 को सचिन वझे को जेल में रहने के दौरान गिरफ्तार किया था। वझे ने बुधवार को अपने वकील रौनक नाईक के माध्यम से सीआरपीसी की धारा 306 के तहत क्षमा के लिए आवेदन दिया।






# आर्यन खान ने छात्र जीवन से ही शुरू कर दिया था गांजा पीना, एनसीबी के सामने की थी स्वीकारोक्ति

**मुंबई,** बालीवुड अभिनेता शाह रुख खान के पुत्र आर्यन खान ने अपने छात्र जीवन से ही गांजा पीना शुरू कर दिया था। यह बात उसने खुद एनसीबी अधिकारियों को बताई थी। एनसीबी के सामने आर्यन की यह स्वीकारोक्ति एनसीबी द्वारा विशेष एनडीपीएस कोर्ट के सामने प्रस्तुत आरोप पत्र का हिस्सा है। इसमें कहा गया है कि सुबूतों के अभाव में आर्यन खान को आरोप मुक्त किया जा रहा है। आर्यन खान ने यह स्वीकारोक्ति दो अक्टूबर, 2021 को एनसीबी द्वारा हिरासत में लिए जाने के तुरंत बाद जांच अधिकारी आशीष रंजन के सामने की थी। आर्यन ने एनसीबी अधिकारी को बताया था कि अमेरिका में अपनी स्नातक तक की पढ़ाई के दौरान वह अनिद्रा की शिकायत से जूझ रहा था। तब उसे इंटरनेट से जानकारी मिली थी कि गांजा पीने से उसकी यह समस्या दूर हो सकती है। आर्यन खान ने अपने उसी बयान में जांच



अधिकारी को बताया था कि इस मामले में सह आरोपित अरबाज मर्चेंट पिछले सात-आठ वर्षें से उसका दोस्त है। वह गांजा और चरस का सेवन करता है। लेकिन अधिक मात्रा में नहीं। गौरतलब है कि दो अक्टूबर 2021 को आर्यन अपने दोस्तों प्रतीक, मानव और अरबाज के साथ कार्डेलिया क्रूज पर जाने के लिए दोपहर बाद करीब साढ़े तीन बजे इंटरनेशनल क्रूज टर्मिनल पहुंचा था। अरबाज ने सभी से वादा कर रखा था कि वह पार्टी में इस्तेमाल के लिए चरस लेकर आएगा। तलाशी के दौरान आर्यन के पास से नहीं मिला था ड्रग आर्यन खान के अनुसार, क्रूज टर्मिनल के प्रवेश द्वार पर उसे एनसीबी के जांच अधिकारी आशीष रंजन ने रोका। उसका परिचय मुंबई एनसीबी के जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े से कराया। वहां आर्यन की तलाशी के दौरान कोई ड्रग नहीं मिला। लेकिन उसने अधिकारियों के मांगने पर अपना मोबाइल फोन उन्हें सौंप दिया। मोबाइल फोन में कुछ मैसेज देखने के बाद अधिकारियों ने उससे पूछा कि क्या वह अरबाज मर्चेंट को जानता है। जिसका जवाब उसने हां में दिया। उसी समय अधिकारियों ने आर्यन से पूछा था कि क्या वह नशीले पदार्थों का सेवन करता है।

## मुंबई के ठाणे स्थित केमिकल फैक्ट्री में लगी आग

**मुंबईः** मुंबई के ठाणे इलाके में एलपीजी सिलेंडर में ब्लास्ट होने के कारण आग लगने की खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि यह आग ठाणे पश्चिम के वागले इंडस्ट्रियल एस्टेट की एक केमिकल फैक्ट्री में लगी है। अग्निशमन का काम जारी है।


वहीं, बीते दिनों मुंबई के महालक्ष्मी में एक रिहायशी इमारत में भीषण आग लगने की खबर सामने आई थी। पांच मंजिला विट्ठल निवास भवन की तीसरी मंजिल पर लेवल -2 में आग लगने की सूचना मिली थी। मुंबई की पूर्व मेयर किशोरी पेडनेकर ने घटनास्थल का निरीक्षण किया था।

# नए झमेले में नवनीत राणा; पुलिस ने उन पर और उनके पति रवि राणा के साथ 15 समर्थकों पर भी दर्ज किया केस

**अमरावती।** निर्दलीय सांसद नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा के साथ उनके करीब 15 समर्थकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को बताया कि नवनीत राणा और रवि राणा के स्वागत कार्यक्रम के दौरान कथित तौर पर नियमों का उल्लंघन करने और यातायात बाधित करने के आरोप में यह कार्रवाई की गई है।मालूम हो कि राणा दंपति को 23 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के निजी आवास मातोश्री के सामने हनुमान चालीसा का पाठ करने की घोषणा की थी। इसके बाद शिवसेना कार्यकताओं के साथ तनावपूर्ण गतिरोध पैदा हो गया। उन्हें चार मई को मुंबई की एक विशेष अदालत ने जमानत दे दी थी।सांसद नवनीत राणा और बडनेरा से विधायक उनके पति



का 36 दिन बाद शहर लौटने पर शनिवार देर रात यहां समर्थकों ने भव्य स्वागत किया। स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने कहा कि स्वागत जुलूस ने कई स्थानों पर यातायात बाधित किया। दंपती द्वारा की गई आरती में रात 10 बजे के बाद भी लाउडस्पीकर का इस्तेमाल किया गया।अमरावती की पुलिस आयुक्त आरती सिंह ने बताया कि राणा दंपती पर राजापेठ पुलिस थाने में आइपीसी, महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम और पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के प्रविधानों के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं एक टीवी चैनल से बात करते हुए, रवि राणा ने कानून व्यवस्था के उल्लंघन से इंकार किया है।रवि राणा (फ्रं फल्लं) ने कहा कि उन्होंने और उनकी पत्नी ने शनिवार को नागपुर और अमरावती में अपने समर्थकों द्वारा आयोजित स्वागत कार्यक्रमों में भाग लेने के दौरान किसी भी मानदंड का उल्लंघन नहीं किया। उन्होंने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर भी हमला बोला।

# शिवसेना ने फडणवीस पर लगाया शिवाजी महाराज के वंशज संभाजी छत्रपति को घेरने का आरोप

मुंबई। शिवसेना ने सोमवार को भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस पर पूर्व सांसद संभाजी छत्रपति को घेरने का आरोप लगाया है। जो शिवसेना द्वारा निर्दलीय के रूप में उनकी उम्मीदवारी का समर्थन करने से इनकार करने के बाद राज्यसभा चुनाव की दौड़ से हट गए थे। शिवसेना के मुखपत्र ह्रसामनाह्न के एक संपादकीय में कहा गया है कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, जो शिवसेना के भी प्रमुख हैं, अपने शब्द से पीछे नहीं हटे है।



घटिया राजनीति का आरोप लगते हुए शिवसेना ने कहा, हमने हमेशा छत्रपति के परिवार का सम्मान किया है। सीएम उद्धव ठाकरे अपनी बात से पीछे नहीं हटे। यह सब भाजपा की घटिया राजनीति है। अलग से पत्रकारों से बात करते हुए, शिवसेना सांसद संजय राउत ने भाजपा पर राज्य की छह सीटों के लिए राज्यसभा चुनाव के लिए तीन उम्मीदवारों को मैदान में उतारने के बाद खरीद-फरोख्त का आरोप भी लगाया। राउत ने यह भी दावा किया कि भाजपा ने संभाजी छत्रपति को ढाल के रूप में इस्तेमाल करने की कोशिश की है। भाजपा के पास अपने दम पर दो सीटें जीतने के लिए पर्याप्त वोट हैं। महाराष्ट्र के सत्तारूढ़ गठबंधन सहयोगी शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस के पास एक-एक उम्मीदवार को अलग-अलग निर्वाचित कराने के लिए वोट हैं, लेकिन एक साथ वे संसद के उच्च सदन के लिए एक और उम्मीदवार चुन सकते हैं। इस अंकगणित के आधार पर, शिवसेना ने चुनाव में दो उम्मीदवारों-संजय राउत और संजय पवार को मैदान में उतारने का फैसला किया है।राजा शिवाजी महाराज के वंशज संभाजी छत्रपति का राज्यसभा कार्यकाल हाल ही में समाप्त हुआ। उन्होंने घोषणा की थी कि वह आगामी चुनाव एक निर्दलीय के रूप में लड़ेंगे और उन्होंने शिवसेना से समर्थन भी मांगा था। शिवसेना ने कहा था कि अगर वह पार्टी में शामिल होते हैं तो वह उनका समर्थन करेगी, जिसे उन्होंने अस्वीकार कर दिया। बाद में, चुनाव की दौड़ से अपनी वापसी की घोषणा करते हुए, संभाजी छत्रपति ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर अपनी बात नहीं रखने का आरोप लगाया था। हालांकि, शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में संभाजी के पिता शाहू छत्रपति महाराज ने कहा कि यह दावा करना गलत है कि मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने अपनी बात नहीं रखी। उन्होंने संभाजी छत्रपति के निर्दलीय चुनाव लड़ने की योजना में फडणवीस की भूमिका का भी संकेत दिया। शिवसेना ने फडणवीस के इस दावे को मजाक करार दिया कि पवार ने शुरू में संभाजी छत्रपति को समर्थन देने की घोषणा की और फिर मुंह मोड़ लिया। फडणवीस ने दावा किया था कि पवार को इस बार पता था कि उनकी पार्टी को शिवसेना को दूसरी सीट के लिए अपने अतिरिक्त वोट देने होंगे। फिर भी, उन्होंने संभाजीराजे को गुमराह किया। लेकिन, सामना ने फडणवीस के आरोप का खंडन किया और कहा, इसके बजाय, भाजपा ने संभाजी छत्रपति को घेरने की कोशिश की। फडणवीस ने संभाजी छत्रपति को कभी कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया। उन्होंने सिर्फ इतना कहा कि पार्टी वरिष्ठों से सलाह मशविरा करने के बाद इस पर विचार करेगी।

शिवसेना ने दावा किया कि संभाजी छत्रपति छठी सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ने के जाल में फंस गए है। शिवसेना ने आगे दावा किया, यह भाजपा की एक पुरानी चाल है, उन्होंने कहा कि भाजपा ने लाउडस्पीकर के इस्तेमाल के मुद्दे पर मनसे प्रमुख राज ठाकरे को घेरने की भी कोशिश की। मनसे प्रमुख को अयोध्या जाने के लिए कहा गया, लेकिन तत्कालीन भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह ने उनके दौरे का विरोध किया। पार्टी ने कहा, सिर्फ शिवसेना को बदनाम करने के लिए, भाजपा ने (संभाजी छत्रपति को शामिल करते हुए) प्रकरण को खराब मोड़ दिया है। बीजेपी के नेता देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को कहा था कि आगामी राज्यसभा चुनाव को लेकर महाराष्ट्र में हो रहे राजनीतिक घटनाक्रम में पूर्व सांसद संभाजी छत्रपति को अलग-थलग करने की कोशिश की जा रही है। संभाजी ने राजनीतिक दलों से अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन मांगा है,जिसका फायदा सभी राजनीतिक दल उठाने की कोशिश कर रहे है। बता दें कि मराठा महान योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज के वंशज छत्रपति संभाजी ने पिछले सप्ताह शिवसेना से संपर्क किया था और राज्यसभा चुनाव में अपनी उम्मीदवारी के लिए उसका समर्थन मांगा था। शिवसेना ने पूर्व सांसद को पार्टी में शामिल होने की शर्त पर समर्थन का आश्वासन दिया था, लेकिन संभाजी ने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया था। जिसके बाद से अन्य राजनीतिक दलों ने भी छत्रपति संभाजी को अपनी पार्टी में शामिल करने की जद्दोजहद जारी थी। लेकिन 27 मई को शिवाजी महाराज के वंशज और प्रख्यात मराठा नेता संभाजी छत्रपति ने आगामी राज्यसभा चुनावों की दौड़ से खुद को अलग कर लिया था।

## जेल में दंगे की एफआइआर रद कराने बांबे हाई कोर्ट पहुंचीं इंद्राणी मुखर्जी



**मुंबई:** अपनी बेटी शीना बोरा की हत्या के मामले में आरोपित इंद्राणी मुखर्जी ने जेल में दंगा करने और पुलिस के कामकाज में बाधा डालने के एक अन्य मामले को खारिज करने की अपील बांबे हाई कोर्ट में दायर की है। हाल ही में पूर्व मीडिया मुगल इंद्राणी को बेटी की हत्या के मामले में जमानत मिली है। इंद्राणी मुखर्जी ने अपनी वकील सना रईस खान के जरिये विगत 19 मई को हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। यह याचिका उनके खिलाफ दायर मुंबई पुलिस की 24 जून,2017 की एफआइआर को खारिज करने के लिए है। यह एफआइआर बायकुला जेल में एक हिंसक झड़प होने के बाद दायर की गई थी। यह दंगा तब हुआ था जब जेल में इंद्राणी की एक साथी मंजुला शेट्टी की पुलिस की पिटाई से मौत हो गई थी।

इंद्राणी मुखर्जी पर आरोप है कि उन्होंने जेल में अन्य महिला कैदियों को पुलिस कर्मियों पर चिल्लाने, प्लेटें और बर्तन फेंकने के लिए उकसाया था। इंद्राणी का कहना है कि उन्हें प्रताड़ित करने के लिए इस मामले में फंसाया गया है। सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद विगत 20 मई को इंद्राणी मुखर्जी मुंबई की बायकुला जेल से बाहर आई हैं। उन्होंने इस दौरान करीब सात साल जेल में बिताए।

गौरतलब है कि अपनी बेटी शीना बोरा की हत्या के आरोप में छह साल से अधिक समय से जेल में बंद इंद्राणी मुखर्जी गत दिनों बाहर आ गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दी थी। वह मुंबई की भायखला जेल में बंद थी। जेल से बाहर निकलते ही इंद्राणी मुखर्जी ने अपनी वकील सना रईस शेख को गले से लगा लिया और मीडिया कर्मियों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। इंद्राणी मुखर्जी ने सफेद कपड़े पहने हुए थे। उन्होंने कहा कि वह बाहर आकर बेहतर महसूस कर रही हैं। उन्होंने अभी तक आगे की कोई योजना नहीं बनाई है। जेल परिसर के बाहर जमा मीडियाकर्मियों से उन्होंने कहा कि खुला आसमान दिखा।

## महाराष्ट्र में कोरोना मृतकों के स्वजन को मुआवजा जल्द



मुंबई: महाराष्ट्र में कोरोना महामारी के चलते मारे गए लोगों के स्वजन को जल्द ही मुआवजे का भुगतान कर दिया जाएगा। मुआवजे के तौर पर उन्हें 50,000 रुपये दिए जाएंगे। फिलहाल 17,000 मृतकों के स्वजन को ही सरकार की ओर से सहायता राशि दी जाएगी। महाराष्ट्र सरकार ने मंगलवार को उन लोगों को मुआवजा भुगतान करने का आदेश जारी कर दिया है। जिनके आवेदनों को जांच समिति से मंजूरी मिल चुकी है।

राजस्व विभाग ने ट्रेजरी को इस सिलसिले में जल्द कार्रवाई करने के सरकार के निर्देश से अवगत करा दिया है। पिछले साल सितंबर में केंद्र सरकार ने कोरोना के चलते मारे गए लोगों के स्वजन को 50,000 रुपये सहायता राशि देने का आदेश जारी किया था। इस साल मई में महाराष्ट्र सरकार ने भी 1.81 लाख मृतकों के स्वजन को मुआवजा देने की स्वीकृति दे दी। हालांकि, मंगलवार को जारी आदेश में सिर्फ 17,000 आवेदनों पर भुगतान करने को कहा गया है। सरकार का ये फैसला सुप्रीम कोर्ट और भारत सरकार के निदेशों के बाद सामने आया है। एडवोकेट गौरव बंसल द्वारा दायर की गई याचिका के बाद सुप्रीम कोर्ट ने कोरोना से हुई मौतों का दायरा बढ़ाया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जिन लोगों की मौत कोरोना टेस्ट कराने या पॉजिटिव पाए जाने के 30 दिन के भीतर हुई है। उन सभी लोगों को कोविड-19 से मरा हुआ माना जायेगा । यहां तक कि जिन लोगों की मौत अस्पताल के बाहर भी हुई है।

# संपादकीय



संपादक - मुर्तुजा मामाजीवाला

## सेवा और गरीब कल्याण के आठ वर्ष

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार के आठ सफल वर्ष पूरे हो रहे हैं। आठ वर्षों की यह यात्रा जातिवाद, परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण के दंश से ग्रसित देश की राजनीति पर विकासवाद की जीत की अविरल यात्रा है। यह देश के लोकतंत्र को मजबूती देते हुए गरीबों, पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों, महिलाओं, युवाओं एवं समाज में हाशिये पर खड़े हर व्यक्ति के सशक्तीकरण एवं उनके जीवन में उत्थान लाने की यात्रा है। यह ह्यदेश में कुछ भी नहीं हो सकता हैह्ल के अंधकार पर ह्यदेश यदि ठान ले, तो सब कुछ संभव हैह्ल के विश्वास की यात्रा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देश के प्रति विजन को 135 करोड़ देशवासियों ने जिस तरह से आत्मसात करते हुए जमीन पर उतारा है, उसने यह सिद्ध किया है कि सही नेतृत्व हो और नेतृत्व के पास नीति एवं नीयत हो, तो हर चुनौती से पार पाते हुए सफलता की बड़ी लकीर खींची जा सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश बदल ही नहीं रहा है, अपितु विकास की नई परिभाषा भी गढ़ रहा है। आजादी के अमृतकाल में देश ने अपने प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में जिस तरह से चुनौती की चट्टानों पर विकास-पथ का निर्माण किया है, वह बेमिसाल है। पिछले आठ वर्षों में देश की गरीबी 22 प्रतिशत से घट कर 10 प्रतिशत से नीचे आ गई है। अत्यंत गरीबी की दर एक प्रतिशत से भी कम 0.8 प्रतिशत पर स्थिर बनी हुई है। पिछले 8 वर्षों में देश की प्रति व्यक्ति आय के साथ-साथ विदेशी मुद्रा भंडार भी लगभग दोगुना हुआ है। आजादी के 70 साल में देश में केवल 6.37 लाख प्राइमरी स्कूल बने, जबकि नरेन्द्र मोदी सरकार के केवल आठ वर्षों में लगभग 6.53 लाख प्राइमरी स्कूल बने। आठ साल में देश की साक्षरता 6 प्रतिशत से अधिक बढ़ी, जो विशिष्ट उपलब्धि है। विगत आठ वर्षों में देश में 15 नए एम्स का निर्माण हुआ। डॉक्टरों की संख्या भी पिछले आठ साल में 12 लाख से ज्यादा बढ़ी है। आठ साल में भारत का सड़क नेटवर्क दुनिया में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। सौर और पवन ऊर्जा क्षमता बीते पांच सालों में दोगुनी हुई। देश में खाद्यान्न उत्पादन लगातार नया रिकॉर्ड बना रहा है। 2012-13 में देश में खाद्यान्न का उत्पादन 255 मिलियन टन था, जो 2021 में बढ़कर 316.06 मिलियन टन हो गया है। यह आजादी के बाद अब तक का रिकॉर्ड उत्पादन है। कोविड जनित मंदी के बावजूद पिछले वित्त वर्ष में 418 अरब डॉलर का रिकॉर्ड निर्यात हुआ। नरेन्द्र मोदी सरकार के आठ वर्षों में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए जितने काम हुए, उतने आजादी के 70 सालों में भी न हुए। पिछले दो वर्षों से मोदी सरकार 3.40 लाख करोड़ रुपये की लागत से देश के लगभग 80 करोड़ लोगों तक जरूरी राशन मुफ्त पहुंचा रही है। यह दुनिया की सबसे बड़ी खाद्यान्न वितरण योजना है। इस कदम की पूरे विश्व ने सराहना की है। आयुष्मान भारत के रूप में देश में पहली बार आमजन को मुफ्त स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिला। पहली बार किसानों और मजदूरों के लिए मासिक पेंशन की व्यवस्था हुई। पहली बार किसान सम्मान निधि का लाभ मिलना शुरू हुआ। ऑर्गेनिक खेती को लेकर भी पहली व्यवस्थित नीति हमारी सरकार ने ही बनाई।

सरकार की योजनाओं ने न केवल देशवासियों को सशक्त बनाया, बल्कि देश के अर्थचक्र को भी मजबूत किया। यही कारण है कि बदले हुए वैश्विक परिवेश के बावजूद देश की अर्थव्यवस्था चुस्त-दुरुस्त बनी हुई है और भारत की विकास दर दुनिया में लगातार अधिक बनी हुई है। आत्मनिर्भर भारत अभियान, वोकल फॉर लोकल, गति शक्ति योजना, प्रोडक्ट लिंक इंसेंटिव और मोनेटाइजेशन जैसी योजनाओं ने देश को विश्व की अग्रिम पंक्ति में खड़ा किया है। पहले समस्याओं को ही नियति मान लिया जाता था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी समस्याओं का स्थाई समाधान कर देश को इनोवेटिव अप्रोच के लिए तैयार किया। प्रधानमंत्री की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति के बल पर अनुच्छेद 370 धराशायी हुआ.

# भारत के लिए बढ़ा खतरा

## UN की रिपोर्ट में दावा- अफगानिस्तान में ट्रेनिंग ले रहे पाकिस्तान आधारित आतंकी संगठन



विश्व समुदाय आतंकी फंडिंग जारी रहने को लेकर अपनी चिंता बार-बार व्यक्त कर रहा है लेकिन सच्चाई यह है कि उस पर लगाम लगती नहीं दिखती। यह लगाम तब तक लगने वाली भी नहीं जब तक पाकिस्तान को दंडित करने से बचा जाता रहेगा। अफगानिस्तान में पाकिस्तान की मदद से तालिबान के काबिज होने के बाद जो आशंकाएं उभरी थीं, वे सही साबित होती दिख रही हैं। यह जो माना जा रहा था कि न तो तालिबान के रवैये में कोई बदलाव आने वाला है और न ही पाकिस्तान उसका सहयोग-समर्थन करने से बाज आने वाला है, वैसा ही होता हुआ दिख रहा है और इसकी पुष्टि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आतंकवाद पर आई ताजा रिपोर्ट भी कर रही है। इस रिपोर्ट के अनुसार, अफगानिस्तान में पाकिस्तान आधारित जैश और लश्कर सरीखे आतंकी संगठनों को प्रशिक्षण देने का काम जोर-शोर से हो रहा है। इसका सीधा मतलब है कि भारत के लिए खतरा बढ़ने वाला है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कश्मीर में सक्रिय आतंकियों के पास कुछ वैसे हथियार और उपकरण पहुंच गए हैं जो तालिबान ने अफगानिस्तान में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों से हासिल किए थे। साफ है कि इन हथियारों और उपकरणों को कश्मीर में सक्रिय आतंकियों तक पहुंचाने का काम पाकिस्तान के जरिये किया गया।भले ही पाकिस्तान में सत्ता बदल गई हो, लेकिन इसके कहीं कोई संकेत नहीं कि भारत के प्रति उसके रवैये में कोई बदलाव आया है। इसका प्रमाण पाकिस्तान से कश्मीर में होने वाली आतंकियों की घुसपैठ से भी मिलता है और घाटी में कश्मीरी हिंदुओं के साथ दूसरे प्रांतों के लोगों को खास तौर पर निशाना बनाने की बढ़ती घटनाओं से भी। चूंकि इस पर प्रभावी लगाम लगती नहीं दिख रही है, इसलिए इस नतीजे पर पहुंचने के अलावा और कोई उपाय नहीं कि पाकिस्तान में आतंकियों के दुस्साहस का दमन नहीं हो पा रहा है। पाकिस्तान जिस तरह भारत के लिए खतरा बने आतंकी संगठनों को पोषित करने में लगा है, उस पर भारत को गंभीरता से ध्यान देना होगा। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि हाल में जापान में क्वाड देशों के सम्मेलन में आतंकी संगठनों को पाकिस्तान की ओर से मिल रहे सहयोग-समर्थन का उल्लेख किया गया और पिछले दिनों राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने ताजिकिस्तान में क्षेत्रीय देशों के एक सम्मेलन में आतंकवाद मुक्त अफगानिस्तान की वकालत की, क्योंकि न तो तालिबान सुधरने के लिए तैयार दिख रहा है और न ही पाकिस्तान। यह ठीक है कि विश्व समुदाय आतंकी फंडिंग जारी रहने को लेकर अपनी चिंता बार-बार व्यक्त कर रहा है, लेकिन सच्चाई यह है कि उस पर लगाम लगती नहीं दिखती। यह लगाम तब तक लगने वाली भी नहीं जब तक पाकिस्तान को दंडित करने से बचा जाता रहेगा। यह ठीक नहीं कि आतंकवाद को पालने-पोसने में जुटे पाकिस्तान के खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई नहीं की जा रही।

# पेट्रोल-डीजल के बाद गैस के दाम में बड़ी कटौती, 135 रुपये सस्ता हुआ कमर्शियल सिलेंडर

**लखनऊ।** जून के पहले दिन रेट रिवीजन के बाद तेल कंपनियों ने घरेलू रसोई गैस सिलेंडर (14.2 किलो)के दामों में कोई परिवर्तन नहीं किया है । जबकि कमर्शियल सिलेंडर (19 किलो)135 रुपये सस्ता हुआ है। कमर्शियल सिलेंडर 2457 से घटकर 2322 रुपये हो गया है। परिवर्तित दरें आज सुबह से लागू हो गई हैं। लगातार



बढ़ रहे एलपीजी, पेट्रोल और डीजल के साथ ही सीएनजी और पीएनजी की दरें भी ऊपर की ओर जा रही हैं। आम आदमी को सबसे अधिक बोझ पेट्रोल डीजल के अलावा घर की रसोई संभालने में पड़ रहा है। ऐसे में लग रहा था कि जून की शुरूआत एलपीजी की दरों में बढ़ोतरी के साथ होगी लेकिन कंपनियों ने आज सुबह जब रेट जारी किए तो घर की रसोई को बढ़ोतरी से दूर रखा। राहत की बात यह रही की पिछले कई महीनों से लगातार महंगा होता जा रहा कमर्शियल सिलेंडर कुछ सस्ता हुआ।

# उत्तर प्रदेश में टैक्स फ्री होगी फिल्म सम्राट पृथ्वीराज

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की घोषणा



**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फिल्म स्टार अक्षय कुमार की सम्राट पृथ्वीराज को टैक्स फ्री करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने मंत्रिपरिषद के सहयोगियों तथा विधायकों के साथ लोक भवन में फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग देखी। फिल्म सम्राट पृथ्वीराज को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में टैक्स फ्री करने की घोषणा की है। सीएम योगी आदित्यनाथ इस फिल्म को देखने के बाद इतना प्रभावित हुए कि उन्होंने तत्काल ही इसको टैक्स फ्री करने की घोषणा कर दी। लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अपने मंत्रियों व विधायकों के साथ फिल्म ह्यसम्राट पृथ्वीराजह्न की विशेष स्क्रीनिंग देखी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोक भवन में गुरुवार को अपने मंत्रियों तथा विधायकों के साथ बालीवुड अभिनेता अक्षय कुमार अभिनीत फिल्म सम्राट पृथ्वीराज की स्पेशल स्क्रीनिंग देखने के बाद उसे टैक्स फ्री करने की घोषणा भी कर दी। फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान अभिनेता अक्षय कुमार और अभिनेत्री मानुषी छिल्लर के साथ फिल्म के डायरेक्टर चंद्रप्रकाश द्विवेदी भी मौजूद थे। सीएम योगी आदित्यनाथ बोले अतीत की गलतियों से सीखने की प्रेरणा देती है सम्राट ᑭ मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने फिल्म सम्राट पृथ्वीराज का शो देखा। अक्षय कुमार ने अपने अभिनय से बांध कर भारत के अतीत को प्रस्तुत किया है। इसके लिए फिल्म के निर्देशक चंद्र प्रकाश द्विवेदी तथा मानुषी छिल्लर का भी अभिनंदन। इस फिल्म में मनोरंजन भी है और इतिहास भी जुड़ा है। अतीत के बिना वर्तमान नहीं होता। अतीत की बहुत-सी गलतियों का परिमार्जन करते यहाँ तक आये हैं। यह तो हमारे चिंतन और अवलोकन का कार्यकाल है। अगले 25 वर्ष में राष्ट्र के उत्थान के अभियान में हम सबको अपनी भूमिका तय करनी होगी। राष्ट्रीयता के कार्यक्रम से चन्द्र प्रकाश पहले भी जुड़े है। उन्होंने कहा कि फिल्में केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, लोक जागरूकता, राष्ट्रीय प्रेरणा और जागरूकता का माध्यम बनेगी। फिल्म सम्राट पृथ्वीराज को उत्तर प्रदेश में टैक्स फ्री किया जाएगा।

# यूपीआइ एप से उस बैंक के खाते को जोड़ें, जिसमें राशि कम हो : अमित कुमार




**भोपालः** आनलाइन धोखाधड़ी की घटनाएं बहुत बढ़ गई हैं। अब झारखंड का जामताड़ा अकेला ऐसा जिला नहीं है, जहां से फोन पर लोगों से बैंक संबंधित जानकारी हासिल कर साइबर धोखाधड़ी की जा रही है। इसमें हरियाणा, राजस्थान और मप्र के भी जिले शामिल हो गए हैं। साइबर धोखाधड़ी से बचना है तो किसी से भी फोन पर किसी प्रकार की अपनी बैंक से संबंधित जानकारी साझा नहीं करें। ठगी से बचना का एक ही उपाय है कि किसी प्रकार के लालच में नहीं आना चाहिए। यूपीआइ एप को उसी बैंक खाते को जोड़ें जिसमें राशि कम हो। यह कहना है क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त अमित कुमार का। वे बुधवार को हेलो नवदुनिया कार्यक्रम में लोगों के सवालों के जवाब दे रहे थे।

जवाब- डिजिटल लेनदेन काफी सावधानी पूर्वक करना चाहिए। पहला उपाय यही है कि हमेशा सतर्क रहें। आप लेनदेन करते समय अपने खाते को भी चेक करते रहें कि आपके खाते में आने वाली रकम पहुंची है या नहीं। इसके अलावा स्पीकर वाला पेटीएम लगवाया जा सकता है। साथ ही लोगों को राशि देने का संदेश भी चेक करना चाहिए।

सवाल- साइबर ठगी से बचने के लिए ऐसा क्या करें, जिससे हमारे खाते में राशि सुरिक्षत रहे? जवाब- साइबर ठगी से बचने के लिए आपको लापरवाही छोड़नी होगी। आपको हमेशा किसी अनजान से फोन पर बात करते वक्त सतर्क रहना होगा। अगर कोई आपको फोन पर बैंक खाता, एटीएम, क्रेडिट कार्ड या लाटरी जैसे तमाम तरह के झांसे देकर ओटीपी बताने की बात करता है, तो उसे साझा नहीं करना है। आपको बैंक संबंधित जो भी काम करने हैं, आप अपनी बैंक शाखा में जाकर निपटाएं। किसी से फोन पर कोई अपडेट नहीं कराएं। यूपीआइ एप को उसी बैंक खाते को जोड़ें जिसमें राशि कम हो। किसी भी प्रकार की जानकारी फोन पर देने की कभी भी जरूरत नहीं है। साइबर ठग लगातार अपना ठगी का तरीका बदल रहे हैं, इसलिए आपको खुद ही सतर्क रहना होगा।

जवाब - सबसे अच्छा तरीका है कि आप कस्टमर केयर से बात करें, लेकिन उसके मांगने पर ओटीपी नहीं बताएं। अगर वह कोई एप डाउनलोड करने के लिए कहता है तो किसी भी एप को डाउनलोड न करें। धोखाधड़ी से बचने के लिए आपने जहां से भी नंबर लिया है, उस साइट की स्पेलिंग ठीक से जांच लें।

# सर्वदलीय बैठक के प्रस्तावों पर अंतिम फैसला आज, नीतीश कैबिनेट की बैठक में लगेगी मुहर




पटनाः बिहार में जाति आधारित जनगणना का रास्ता साफ हो गया है। बीते दिन इसके लिए सभी राजनीतिक दलों की बैठक की अध्यक्षता में हुई। इसके बाद अब गुरुवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई गई है। इसमें जाति आधारित जनगणना को लेकर मंत्रियों के बीच सहमति बनाई जाएगी। सहमति प्राप्त होने के साथ ही इसकी अधिसूचना जारी की जाएगी। इसके साथ तय हो जाएगा कि यह कार्य कैसे और कब से प्रारंभ होगा। बिहार में एक करोड़ के गहनों की डकैती, वैशाली के ज्वेलरी शॉप को अपराधियों ने दिन- सभी धर्मों की जातियों और उपजातियों की जनगणना का फैसला विदित हो कि बुधवार को बिहार में जाति आधारित जनगणना को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न सभी दलों की बैठक में सभी धर्मों की जातियों और उपजातियों की जनगणना का फैसला लिया गया।

यह भी पता चलेगा कि कौन गरीब है, कौन क्या है? बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि जाति आधारित जनगणना बहुत ही कम समय सीमा निर्धारित कर पूरी कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि जल्दी ही कैबिनेट इसपर फैसला करेगी। तब समय सीमा भी तय कर दी जाएगी।

## कविता

# कहै कबीर दीवाना-ओशो




और जहां से दूसरा रास्ता स्वर्ग में जाता है, परमात्मा की तरफ जाता है। मैंने निरंतर अपने साधकों को कहता हूं कि एक बात ध्यान रखना, प्रार्थना शुरू नहीं होगी, जब तक तुम्हारा प्रेम पक न जाए; जब तक तुम प्रेम को न जान लो, और प्रेम को जानने का अर्थ है, प्रेम का नर्क भी जानना और प्रेम का स्वर्ग भी। प्रेम का नर्क तुम्हें व्यक्तियों के प्रेम से ऊपर उठाएगा और प्रेम का स्वर्ग तुम्हें परमात्मा के प्रेम में ले जाएगा।

अब हम कबीर के इन सूत्रों को समझने की कोशिश करें।

प्रीति लगी तुम नाम की, पल बिसरे नाही।

जब व्यक्तियों के प्रेम के ऊपर कोई उठता है और परमात्मा का प्रेम जगता है, तब प्रीति लागी तुम नाम की। नाम का ही पता है; अभी उसका तो कुछ पता नहीं। अभी उस प्रेमी को देखा भी नहीं है। अभी वह प्रेमी मिल जाए तो पहचान भी न सकेंगे। प्रत्यभिज्ञा भी न होगी।

**जारी...**

# शाकाहारी लोग विटामिन ऊकी कमी पूरी करने के लिए खाएं ये 5 चीजें

विटामिन डी हमारे शरीर के लिए सबसे महत्वपूर्ण पोषक तत्वों में से एक है। विटामिन डी हमारे शरीर में कैल्शियम के अवशोषण और हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए बेहद जरूरी तत्व है। इससे दांत भी मजबूत होते हैं। साथ ही यह उम्र बढ़ने के साथ हड्डियों से होने वाली बीमारियां जैसे ऑस्टियोपोरोसिस और गठिया के दर्द की परेशानी नहीं होती है। विटामिन डी युक्त खाद्य पदार्थों के सेवन से वयस्कों और बच्चों में भी हड्डियों की कमजोरी की शिकायत नहीं आती है। हालांकि आपको मांसहारी विटामिन डी युक्त खाद्य पदार्थों की सूची तो मिल जाएगी लेकिन शाकाहारी लोग भी आसानी से कुछ चीजों का सेवन कर सकते हैं, जिससे उनके शरीर में विटामिन डी की कमी न हो और वह अंदर से स्वस्थ रह सकें। इसके अलावा आपको रोजाना आधे घंटे धूप में भी जरूर बैठना चाहिए। इससे भी हड्डियां मजबूत होती है। दूध में भरपूर मात्रा में कैल्शियम और विटामिन डी पाए जाते हैं। साथ ही दूध को एक संपूर्ण आहार माना जा सकता है। इसमें सभी तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसमें प्रोटीन, वसा और गुड कार्ब्स भी पाए जाते हैं। अगर आपको लैक्टोज इंटॉलरेंस की समस्या है.



# जंगल में बिकिनी पहन झरने के नीचे खुलेआम नहाती दिखीं टीवी की प्रेरणा-श्वेता तिवारी

41 साल की हो चुकीं श्वेता तिवारी आज भी अपने बोल्ड और ब्यूटीफुल अंदाज से युवा अभिनेत्रियों को मात देती हैं। सोशल मीडिया पर लोग उनकी खूबसूरती की तुलना उनकी बेटी पलक तिवारी के साथ करते हैं। एक्ट्रेस अपनी बोल्डनेस से हर किसी को मात देती हैं। छोटे परदे पर सीधे-सादे किरदार निभाने वालीं श्वेता तिवारी अक्सर अपनी तस्वीरों से हर किसी को हैरान कर देती हैं। अब हाल ही में टीवी की प्रेरणा उर्फ श्वेता तिवारी का जंगल में झरने के नीचे खुलेआम नहाते हुए सोशल मीडिया पर एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है। श्वेता तिवारी का हाल ही में एक वीडियो सामने आया है, जिसमें अभिनेत्री



जंगल के बीचों-बीच झरने के नीचे नहाती हुईं नजर आ रही हैं। इस वीडियो में श्वेता ने बिकिनी पहनी हुई है और कैमरे के सामने वह नहाती हुईं नजर आ रही हैं। लेकिन आपको बता दें कि ये श्वेता का कोई हालिया वीडियो नहीं है, बल्कि उस समय का है जब उन्होंने साल 2009 में रिएलिटी शो ह्यइस जंगल से मुझे बचाओ में हिस्सा लिया था।

जिसमें एक टास्क की वजह से उन्हें कैमरे के सामने नहाना बड़ा था। इस वीडियो में श्वेता का बोल्ड अंदाज देखने को मिल रहा है, और उनकी यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। श्वेता तिवारी की फिटनेस के फैंस भी कायल हैं और उनका ये बोल्ड लुक देखने के बाद फैंस खुद को कमेंट करने से नहीं रोक पा रहे हैं। एक यूजर ने उनकी वीडियो पर कमेंट करते हुए लिखा, ह्यवाह, सच में आपने बहुत मेहनत की है। चाहे काम हो, या निजी जिंदगी हो। अपनी हेल्थ का आपने बहुत ध्यान रखा है। देखकर बहुत खुशी होती है। दूसरे यूजर ने लिखा, ह्यबहुत ही हॉट एंड बोल्ड लग रही हैं आपह्न। हालांकि ट्रोल्स भी पीछे नहीं रहे और बोल्ड लुक देख श्वेता को खरी-खोटी सुनाई। 2001 में आए शो कसौटी जिंदगी की से घर-घर में फेमस हुईं श्वेता तिवारी की सोशल मीडिया पर काफी अच्छी प्रशंसकों की लिस्ट है।

# जुलाई में वेस्टइंडीज का दौरा करेगी टीम इंडिया, जानें 3 वनडे और 5 टी20 का पूरा शेड्यूल




**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप से पहले टी20 क्रिकेट का रोमांच लगातार जारी रहेगा। भारतीय टीम पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी जिसकी शुरूआत 9 जून से हो रही है। दूसरी तरफ भारत के वेस्टइंडीज दौरे का कार्यक्रम भी जारी कर दिया गया है। भारत का यह दौरा थोड़ा लंबा होने वाला है। 22 जुलाई से 7 अगस्त के बीच होने वाले इस दौरे में टीम 3 वनडे मैचों की सीरीज के अलावा 5 टी20 मैचों की सीरीज भी खेलेगी।

सीरीज और 3 टी20 मैचों की मेजबानी त्रिनिदाद और टोबैगो और सेंट किट्स और नेविस में जबकि आखिरी दो टी20 मैच फोर्ट लाउडरहिल और फ्लोरिडा में होगी।

3 वनडे मैचों का कार्यक्रम

5 मैचों की टी20 सीरीज का कार्यक्रम पहला टी20- 29 जुलाई, ब्रायन लारा स्टेडियमदूसरा टी20- 1 अगस्त, वार्नर स्टेडियमतीसरा टी20- 2 अगस्त, वार्नर स्टेडियमचौथा टी20- 6 अगस्त, फोर्ट लाउडरहिलपाचवां टी20- 7 अगस्त, फोर्ट लाउडरहिल

आगामी सीरीज को लेकर वेस्टइंडीज के कप्तान, निकोलस पूरन ने कहा है कि ह्वहम युवा टीम हैं और वेस्टइंडीज जिस तरह का क्रिकेट खेलती है उसी ब्रांड को फिर से स्थापित करने की कोशिश करेगी। उन्होंने आगे कहा कि जब से मैंने इस टीम की जिम्मेदारी संभाली है मेरा एकमात्र लक्ष्य हमेशा प्रतिस्पर्धी रहने की है, क्योंकि हम इस सीरीज का उपयोग आगामी टी20 और 50 ओवर के विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों को बेहतर बनाने के लिए करना चाहते हैं। भारतीय टीम को टी20 वर्ल्ड कप से पहले 15 टी20 मैच खेलने का मौका मिलेगा। इस लिहाज से वेस्टइंडीज के खिलाफ इस सीरीज में टीम के पास अपनी तैयारियों को और मजबूत करने का मौका होगा जिससे वो अपनी कमियों पर काम कर सकें और वर्ल्ड कप में एक परफैक्ट टीम के साथ मैदान में उतर सकें।

# इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट से पहले अपनी तैयारियों पर बोले सिराज, कप्तान रोहित की



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ खेले जाने वाले आखिरी टेस्ट से पहले भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। उन्होंने अपनी तैयारियों को लेकर कहा कि वो अपने ह्वकंसिसटेंसीह्व को लेकर काम करना चाह रहे हैं। भारत को इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मैच 1 जुलाई को खेलना है जिसको लेकर सिराज बहुत उत्साहित हैं। सितंबर 2021 को कोविड-19 का हवाला देते हुए आखिरी टेस्ट मैच को टाल दिया गया था।

1 जुलाई को होने वाले इस टेस्ट से पहले सिराज ने कहा है कि ह्वअभी, हमारे पास इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट खेलने से पहले कुछ समय है, इसलिए अभी के लिए, मैं अपने घर के पास के मैदान पर प्रशिक्षण ले रहा हूं और अपनी फिटनेस पर काम कर रहा हूं, क्योंकि टी20 से टेस्ट खेलना एक बड़ा बदलाव है। टेस्ट क्रिकेट में उन लंबे स्पेल को फेंकने के लिए, मुझे वास्तव में अपनी निरंतरता पर ध्यान देने की जरूरत है, और यह मेरा एकमात्र लक्ष्य होगा।

# चैंपियन गुजरात पर हुई पैसों की बरसात

## राजस्थान को हार के बाद भी मिले 12.5 करोड़ रुपये




**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन का समापन हो चुका है। टूर्नामेंट की दो टाप टीम गुजरात टाइटंस और राजस्थान रायल्स के बीच फाइनल मैच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए संजू सैमसन की टीम महज 131 रन का लक्ष्य ही रख पाई जिसे हार्दिक पांड्या की कप्तानी वाली टीम ने 18.1 ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल किया और आइपीएल ट्राफी पर कब्जा जमाया। इस जीत के बाद बीसीसीआइ की तरफ से गुजरात की टीम के साथ साथ प्लेआफ में पहुंचने वाली टीमों पर भी धनवर्षा हुई। पूरे सीजन में दमदार खेल दिखाने के बाद खिताब पर कब्जा करने वाली गुजरात की टीम को आइपीएल ट्राफी के अलावा 20 करोड़ की राशि विजेता टीम होने के तौर पर दिया गया। वहीं राजस्थान की टीम जो इस सीजन फाइनल तक पहुंची और उप विजेता रही उसे 12.5 करोड़ रुपये की राशि दी गई। क्वालीफायर 1 में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ जीत हासिल करने वाली रायल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम ने क्वालीफायर 2 में जगह बनाई थी।

# पहला मैच खेलने उतरे इंग्लिश

## गेंदबाज का कहर, न्यूजीलैंड महज 132 रन पर ढेर

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ लाड्स में सीरीज का पहला टेस्ट मैच खेलने उतरी न्यूजीलैंड की टीम पहली पारी में महज 132 रन पर ढेर हो गई। इंग्लैंड के लिए डेब्यू करने उतरे मैथ्यू पाट और अनुभवी जेम्स एंडरसन की धारदार गेंदबाजी के आगे कीवी टीम के बल्लेबाज बेबस नजर आए। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मेहमान टीम के लिए कालिन डि ग्रांडहोम ने सबसे ज्यादा 42 रन की बारी खेली। बुधवार को 3 टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मैच में खेलने उतरी न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने टास जीतकर




पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। टीम की शुरूआत बेहद खराब रही और टाप चार बल्लेबाज दहाई के अंक में भी नहीं पहुंच पाए। टाम लेथम और विल यंग 1-1 रन बनाकर आउट हुए, कप्तान केन ने 2 रन बनाए तो डेवोन कान्वे 3 रन के आंकड़े तक ही पहुंच पाए। इंग्लैंड के सबसे अनुभवी गेंदबाज एंडरसन ने न्यूजीलैंड को दो लगातार झटके दिए। पहले यंग और फिर लेथम का विकेट चटकाया। कप्तान को डेब्यू करने वाले मैथ्यू ने आउट किया तो रन मशीन कान्वे को एक और अनुभवी स्टुअर्ट ब्राड ने पवेलियन की राह दिखा दी।

# मुंबई में कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर बीएमसी ने टेस्टिंग बढ़ाने के दिए निर्देश

# अस्पतालों को अलर्ट पर रखा

**मुंबईः** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के आयुक्त इकबाल सिंह चहल ने बुधवार को नगर निगम के अधिकारियों से कहा कि वे कोरोना वायरस की जांच तुरंत युद्ध स्तर पर करें। साथ ही, जंबो फील्ड अस्पतालों के कर्मचारियों को कोरोना के मद्देनजर अलर्ट पर रखें। पिछले कुछ हफ्तों में शहर में नए कोविड-19 मामलों में वृद्धि हुई है। चहल ने बीएमसी अधिकारियों से कहा कि मुंबई में रोजाना नए मामले काफी बढ़ गए हैं, और मानसून में इन मामलों में और तेजी से वृद्धि हो सकती है। मई की शुरूआत से ही शहर में कोविड-19 के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। मंगलवार को सामने आए नए मामलों की संख्या छह फरवरी के बाद पहली बार 500 का आंकड़ा पार कर गई है। चहल ने बीएमसी के अधिकारियों को मुंबई में कोविड-19 की जांच युद्धस्तर पर करने जंबो फील्ड अस्पतालों में पर्याप्त स्टाफ सुनिश्चित करने और उन्हें अलर्ट पर रखने का निर्देश दिया। मुंबई सेशन कोर्ट ने भाजपा नेता मोहित कंबोज को मिली अंतरिम राहत (प्रतीकात्मक तस्वीर) भाजपा नेता मोहित कंबोज को मिली बड़ी राहत, कोर्ट ने गिरफ्तारी पर लगाई रोक उन्होंने नागरिक अधिकारियों से निजी प्रयोगशालाओं को सक्रिय और पूरी तरह से तैयार रहने के लिए कहने के लिए भी कहा। चहल ने सभी सहायक नगर आयुक्तों, विभिन्न वार्डों के प्रभारी, वार्ड वार रूम की स्थिति की समीक्षा करने के लिए कहा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे कर्मचारियों, चिकित्सा टीमों और एंबुलेंस से पूरी तरह सुसज्जित हैं, और निजी अस्पतालों को भी अलर्ट पर रखें। उन्होंने सहायक नागरिक आयुक्तों को अपने वार्डों में कोविड -19 स्थिति की दैनिक समीक्षा करने और जहां भी आवश्यक हो हस्तक्षेप करने के लिए कहा।



नागरिक प्रमुख ने इन अधिकारियों को अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले जंबो अस्पतालों का दौरा करने का भी निर्देश दिया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे डी-वाटरिंग पंप, संरचनात्मक स्थिरता प्रमाणन, अग्नि सुरक्षा तंत्र, चिकित्सा और पैरामेडिक स्टाफ, आक्सीजन निर्माण संयंत्र और दवाओं से पूरी तरह सुसज्जित हैं। चहल ने कहा कि आने वाले दिनों में अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति में मलाड क्षेत्र में जंबो चिकित्सा सुविधा का उपयोग प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए।


URGENTLY REQUIRED FEMALE STAFF

VACANCY VACANCY

ICON OPTICAL GALLERY

Urgently Required Female Staff Accountant Cum Sales Girl For Counter Sell.

Note : Must Have Computer Operating Knowledge

Contact Us : 9819292152

Shop No. 52, R.N.A. Arcade, Lokhandwala Complex, Andheri (West), Mumbai - 400 053

murtaza12152@yahoo.com

TASNEEM COLLECTION

Online Shopping Hub

*Only of Ladies Bags, Kurtis, Accessories*

*Kitchen & Household items*

*Baby products*

*Plastic items*

*And much more......all under one roof*

*Best business apportunity for housewives to become reseller & earn at zero investment*

Farida Rampurawala : 8898065152

RH 1, C 26 row house number, Swamy Ayyappam temple road, Sector. 8, New Mumbai, Vashi-400 703


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक – मुर्तुजा मामाजीवाला के द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, युनिट नं. 4, ग्राउंड फ्लोअर, एन. के इंडस्ट्रिअल इस्टेट , ऑफ आरे रोड , प्रवासी इंडस्ट्रिअल इस्टेट के पास , गेट नं. 2, गोरेगाव (पूर्व),मुंबई - 400063 से मुद्रित कर शिव वातुक सेना कासिम नगर नियर लक्ष्मी इस्टेट न्यू लिंक रोड, अंधेरी (प),मुंबई -400053 प्रकाशित। संपादक: मुर्तुजा मामाजीवाला मों. 9819199997

T.C. NO. MAHHIN10172 ■ ईमेल: newsicon2021@gmail.com ■ newsicon.net